नवरात्रो में माँ दर्शन देने आई है

भक्तों ने मिलकर,
माँ की ज्योत जगाई है,
नवरात्रो में माँ दर्शन देने आई है………..

लाल चनारिया ओढ़ के आई,
करके सिंह सवारी,
लाल है गजरा,
लाल है मेहंदी,
लगती कितनी प्यारी,
भक्तों ने भक्तों ने,
भक्तों ने मिलकर देखो,
खुशियां छाई हैं,
नवरात्रो में माँ दर्शन देने आई है………..

भक्तों ने कीर्तन करवाया,
शेरावाली आई,
आज ख़ुशी का मौका आया,
बांटों खूब बधाई,
स्वागत में देखो,
नाँचे लोग लुगाई है,
नवरात्रो में माँ दर्शन देने आई है………..

ऐसा भक्तों धूम मचाना,
झूमों नाँचों गाओ,
सच्चे दिल से,
माता रानी की जयकार लगाओ,
दुखड़ों को मिटाने वाले,
मेरी महामाई है,
नवरात्रो में माँ दर्शन देने आई है………..

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26622/title/navratro-me-maa-darshan-dene-aayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |